# मादक पदार्थों के दुरूपयोग एवं अवैध व्यापार के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस, 26 जून 2023 के अवसर पर नारकोटिक्स आयुक्त का संदेश।



प्यारे साथियों,

26 जून को हम सभी मादक पदार्थों के दुरूपयोग एवं अवैध व्यापार के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिवस हमें मादक पदार्थों के दुरूपयोग के विरूद्ध जागरूक रहते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण करने का संदेश देता है। आज विश्व नशीली पदार्थों के दुरूपयोग के विस्तार से जूझ रहा है। नशे के प्रयोग से केवल व्यक्ति ही नहीं अपितु समाज, परिवार एवं देश को नुकसान पहुंचता है।

आप सभी, खासकर युवा आगे बढकर नशा उन्मूलन के सामूहिक अभियान में एकजूट होकर सहयोग करें। स्वस्थ मन से ही स्वस्थ जीवन का निर्माण होता है। नशे का सेवन तनाव का निदान नहीं हो सकता है। हम सभी सर्वप्रथम नारकोटिक्स ड्रग्स से होने वाले समस्त विकारों को समझें। ड्रग्स का व्यसन जानलेवा है और ड्रग्स की तस्करी नियमानुसार अपराध है। नशे से मुक्त जीवन ही एक खुशहाल जीवन का आधार है। प्रयास रहे कि कोई भी व्यक्ति नशे की गिरफत में नहीं आए। नशे में लिप्त व्यक्ति के प्रति घृणा की भावना नहीं रखें बल्कि उनके प्रति संवेदना रखते हुए समाज के मुख्य धारा में लाने का कार्य करें।

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो इन गंभीर विषयों पर आपको मार्गदर्शन करने हेतु कटिबद्ध हैं। अतः आप सभी से सादर अनुरोध है कि ड्रग्स से संबंधित गलतफहमियों से लोगों को दूर रखें एवं स्वास्थ्य हेतु इसके सार्थक प्रयोग के लिए प्रमाणिक साक्ष्य पर आधारित उपचार एवं देखभाल में सहभागी बनें। यह संकल्प लें कि किसी भी परिस्थिति में हम जिन्दगी को चुनें न कि ड्रग्स को। हम यह भी आव्हान करते हैं कि किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों के अवैध व्यापार संबंधी सूचना हमें प्रदान करें। हम सूचना देने वाले व्यक्ति का परिचय गुप्त रखेंगें। आईये हम सब मिलकर नशे से लड़े एवं ड्रग्स भरी जिंदगी नहीं बल्कि ड्रग्स फ्री संवेदनशील समाज का निर्माण करें।

स्वस्थ जीवन की आशा में आप सभी को विश्व ड्रग्स दिवस की हार्दिक शुभकामनायें।

**जय हिन्द**

(दिनेश बौद्ध)
नारकोटिक्स आयुक्त

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो,
19, माल रोड, मुरार, ग्वालियर – 474006
दूरभाष नं 0751–2368996, 2368997
फैक्स नं 0751–2368111
ईमेल : narcommr@cbn.nic.in

**स्कैन करें**